आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–दिव्यांगजनों को सार्वभौमिक सुगमता प्रदान करने में सुगम्य भारत अभियान की अहम भूमिका।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी जिले में 8 सौ मीटर लम्बे माता बगलामुखी रोपवे का किया शुभारंभ।
- प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल के समारोह को लेकर शिमला में कांग्रेस विधायक दल ने बनाई रणनीति।
- भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा–वादा खिलाफी व भ्रष्टाचार का पर्याय बनी प्रदेश की सुक्खू सरकार।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 33 प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों को सार्वभौमिक सुगमता प्रदान करने में सुगम्य भारत अभियान की भूमिका का उल्लेख किया। यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि दिव्यांगजन सहानुभूति के पात्र नहीं बल्कि सम्मान के पात्र हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि सभी दिव्यांगजनों को सहज और समानता का अनुभव कराना पूरी मानवता का कर्तव्य है। हर दृष्टिकोण से दिव्यांगजनों के लिए बाधा मुक्त वातावरण प्रदान करना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

इधर प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज मंडी जिले में अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित माता बगलामुखी रोपवे का शुभारंभ किया। ये रोपवे चण्डीगढ़–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है जो बाखली में पंडोह को माता बगलामुखी मंदिर से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये प्रदेश का एकमात्र रोपवे है जो पानी के ऊपर पंडोह बांध से होकर गुजरेगा और यात्रियों को क्षेत्र के अनुपम सौंदर्य के दर्शन का अनुभव करवाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रोपवे से माता बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि होगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस बीच मुख्यमंत्री ने सिराज विधानसभा क्षेत्र के बाखली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार 11 दिसंबर को सात गारंटियां पूरी करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आने वाले समय में और योजनाएं ला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए नीतिगत बदलाव ला रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंडोह पुल का निर्माण करने की घोषणा भी की।

## कांग्रेस बैठक

प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर 11 दिसम्बर को बिलासपुर में समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन किया गया। इस समारोह में 28 से 30 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में सरकार अपनी दो साल की उपलब्धियों को जनता से साझा करेगी और पूर्व भाजपा सरकार की पांच साल कारगुजारियों से भी लोगों को अवगत करवाया जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार व ढांचागत विकास के अनेक सार्थक कदम उठा रही है। उन्होंने आज डलहौजी उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढार के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वर्तमान कार्यकाल में शिक्षकों के विभिन्न वर्गों की लगभग 3 हजार पांच सौ नई भर्तियां की है जबकि शिक्षा विभाग में करीब तीन हजार पदों पर पदोन्तियां की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में कभी भी नशा न करने और अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में प्रेरित करने का आहवान किया।

## गौरव भाटिया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार वादा खिलाफी व भ्रष्टाचार का पर्याय बनकर रह गई है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और समाज का हर वर्ग ठगा महसूस कर रहा है। गौरव भाटिया ने कहा कि सुक्खू सरकार ने देश की आन बान शान कहे जाने वाले हिमाचल को दिवालियापन कगार पर ला दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लोगों की सुविधा के लिए खोले गए संस्थानों को बंद करने का काम किया और कर्मचारियों को समय पर वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। गौरव भाटिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को प्राथमिकता दी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कहा वो किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश को एम्स, वंदे भारत ट्रेन, बल्क ड्रग पार्क व मैडिकल डिवाईस पार्क सहित कई सौगातें दी हैं और आपदा में भी प्रदेश की भरपूर मदद की है।

## सिकंदर कुमार

केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में डीएमएफटी की स्थापना की गई है। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। जी किशन रेड्डी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश डीएमएफटी नियम 2016 के नियम 15 के तहत राज्य सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्र निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में खनन संबंधी प्रचालनों से प्रभावित क्षेत्र डीएमएफटी नियमों के अंतर्गत आते हैं। इस बीच सांसद सिकंदर कुमार के एक अन्य

सवाल के जवाब में केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत 24 नवम्बर 2024 तक कुल पांच हजार 7 सौ 49 ऋण चुकाए गए हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का उददेश्य पथ विक्रेता को उनके व्यवसाय को आगे बढाने में सहायता प्रदान करने के लिए जमानतमुक्त पूंजी ऋण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सरकार 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज सब्सिडी के माध्यम से ऋणों के नियमित पुर्नभुगतान को प्रोत्साहित कर रही है और डिजिटल लेन देन को पुरस्कृत करते हुए प्रति वर्ष 12 सौ रूपए तक का कैश बैक दे रही है।

<u>मांग</u>

चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र पांगी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने प्रदेश सरकार से शौर खेलूई सड़क को लोक निर्माण विभाग के अधीन करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि अभी तक राजस्व विभाग ने इस सड़क को लोक निर्माण विभाग के नाम नही किया है जिसके चलते लोक निर्माण विभाग भी इस सड़क के निर्माण करने में असक्षम है। जिससे क्षेत्र के निवासियों को बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आज इस विषय को लेकर उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात की।

वहीं पांगी क्षेत्र के ही ग्रांम पंचायत रेई के उप प्रधान ठाणू लाल शर्मा ने भी खजियार देवल सड़क का कार्य शुरू करने की मांग को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात की।

<u>शहीद</u>

मंडी जिला के सदर उपमंडल के शहीद हवलदार नवल किशोर का आज उनके पैतृक गांव जालौन में पूरे राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, मदन कुमार तथा सैन्य अधिकारियों सहित परिजनों व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। हवलदार नवल किशोर जे.एंड.के राइफल में सेवारत थे और बीते दिनों सियाचिन ग्लेशियर में राष्ट्र की सेवा करते हुए शहीद हो गए थे।